an>

Title: Need to institute an inquiry into the alleged irregularities of Panem Coal Mines Limited in Pakur district, Jharkhand causing heavy revenue loss to the exchequer.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, झारखण्ड राज्य के पाकुड़ जिला में पैंनम कोल माइन्स के विभिन्न कोयला खदानों में राजस्व चोरी करने की दृÂिट से और प्रबंधन द्वारा खदानों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं करने के कारण माइन्स के कई स्थानों पर कोयले में आग लगा दी गई ताकि जले कोयले पर कम्पनी के द्वारा राजस्व का भुगतान न करना पड़े। इस कम्पनी के माध्यम से पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा स्थित पछ्वारा में सेन्ट्रल कोल ब्लॉक का आवंटन केन्द्र सरकार के द्वारा पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन को किया गया है। पूर्व में इसे एम्टा (EMTA) कम्पनी के साथ पंजाब पावर कार्पोरेशन को कोल ब्लॉक का आवंटन किया गया था और इस कंपनी द्वारा लाखों टन कोयला की कालाबाजारी की गई है। दूसरे मामले में उपायुक्त, पाकुड़ ने पैंनम कम्पनी से 9991.91 लाख रुपये की वसूली के लिए त्वरित कार्रवाई करने और इस प्रयोजन हेतु नीलाम पत्र वाद दायर करने की अनुशंसा की थी परन्तु मामले से संबंधित फाइल गायब करा दी गई। इस संबंध में झारखण्ड स्टेट बार कौंसिल के सदस्यों के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों, माननीय प्रधानमंत्री जी, महामहिम राज्यपाल महोदय और अन्य को पत्र प्रेÂिात किया गया है। इससे ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एवं झारखण्ड सरकार के राजस्व की भारी क्षति हुई है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपर्युक्त वर्णित कम्पनी के द्वारा प्रत्येक नियम विरुद्ध कार्यों की उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित कराकर शीघ्र समुचित कार्यवाही करने की कृपा की जाए।